प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 14.02.2025 समय : 01:00 पी.एम.

0000

पुलवामा आतंकी हमले की छठी बरसी पर आज देश, शहीदों को याद कर रहा है। जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारतीय सुरक्षाकर्मियों को ले जाने वाले सीआरपीएफ के वाहनों के काफिले पर 2019 में हुए इस आत्मघाती हमले में 40 सुरक्षाकर्मियों की जान गई थी। इनमें से पांच जवान राजस्थान से थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि आने वाली पीढ़ियाँ उनके बलिदान और राष्ट्र के प्रति उनके अटूट समर्पण को कभी नहीं भूलेंगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी शहीदों को श्रद्धाजंलि देते हुए कहा है कि सरकार आतंकवाद को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सोशल मीडिया पोस्ट में शहीद जवानों को याद करते हुए माँ भारती के वीर सपूतों को शत शत नमन किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की रक्षा के लिए जवानों का सर्वोच्च बलिदान हम भारतीयों को आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट होकर लड़ने की प्रेरणा देता है।

00000

38वें राष्ट्रीय खेलों का समापन समारोह आज उत्तराखंड के हलद्वानी में आयोजित किया जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में हो रहे समापन समारोह में कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष, पीटी उषा और कई गणमान्य व्यक्ति भी समारोह में उपस्थित रहेंगे। इस बार के खेल "ग्रीन गेम्स" की अवधारणा से जुड़े थे। यह पहल खेल को सिर्फ प्रतिस्पर्धा के रूप में नहीं बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के माध्यम के रूप में स्थापित करती है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 28 जनवरी को इन खेलों का उद्घाटन किया था।

00000

प्रदेश में चल रहे टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत कल से सोशल मीडिया कैम्पेन चलाकर आमजन को टीबी रोग के प्रति जागरूक किया जायेगा। जयपुर द्वितीय के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ हंसराज भदालिया ने बताया कि 11 फरवरी से ही जिला और ब्लॉक स्तर पर आमूखीकरण और स्टेक होल्डर्स कार्यशालाएं आयोजित की जा रही है। अभियान के तहत संभाग स्तर पर संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता में सभी जिलों के अधिकारियों का आमुखीकरण किया जायेगा। आगामी 24 मार्च को राष्ट्रीय क्षय रोग दिवस पर श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिलों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य टीबी उन्मूलन को गति देना, समय पर टीबी की पहचान, उपचार और रोकथाम को मजबूत करना है।

00000

भरतपुर स्थापना दिवस समारोह के तहत आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज साइकिल रैली निकाली गई। पुलिस लाइन से शुरू हुई इस रैली में अधिकारी, कर्मचारी, स्काउड गाइड, एनसीसी कैडेट और पुलिसकर्मियों के साथ आमजन ने भी भाग लिया। रैली मुख्य मार्गों से होती हुई टाउन हॉल पर जाकर सम्पन्न हुई जहां शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर वीर शहीदों को याद किया। रैली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया। इसी के साथ लोहागढ़ स्टेडियम में एथलेटिक्स प्रतियोगिता के आयोजन भी हुए जिसमें धावकों ने दौड़ लगाकर स्वस्थ्य रहने का संदेश दिया। वहीं राजकीय आदित्येन्द्र विद्यालय में बॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

00000

अजमेर में आज से संभाग स्तरीय आरोग्य मेला आयोजित किया जा रहा है। 17 फरवरी तक लगने वाले इस मेले का उद्देश्य आयुर्वेद और भारतीय चिकित्सा पद्धतियों का प्रचार–प्रसार करना तथा आमजन को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। उधर पाली में आज से साहित्य संगम और पुस्तक मेला शुरू हो रहा है। राजकीय बांगड़ महाविद्यालय में आयोजित इस तीन दिवसीय मेले का उद्देश्य नगरवासियों और युवाओं के बीच पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देना हैं।

00000

प्रयागराज महाकुंभ के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए शुरू की गई बाड़मेर–बरौनी महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेन तीसरी ट्रिप के लिए आज बाड़मेर से रवाना होगी। यह ट्रेन शाम साढे पांच बजे बाड़मेर से रवाना होकर रात 9 बजकर 20 मिनिट पर जोधपुर पंहुचेगी और जोधपुर से साढे नौ बजे रवाना होकर प्रयागराज स्टेशन पर कल शाम 7 बजकर 5 मिनट पर पंहुचेगी।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' 23 फरवरी को प्रसारित होगा। आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम की ये 119वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता, अपने सुझाव 21 फरवरी तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर भेज सकते हैं। 1922 नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। इसके अलावा नरेंद्र मोदी एप और माई जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

**00000**